संक्षिप्त

मारपीट व लूट का आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। झाड़ोल थाना पुलिस ने लूट व मारपीट के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 4 अप्रेल 25 को पीडित मनोज कुमार पुत्र मामराज जोगी निवासी दन्ताला गुजरान थाना रायसर जयपुर हॉल बीओई आरबीएल बैंक झाड़ोल ने रिपोर्ट दी। मैं आरबीएल झाड़ोल में बीओई पद पर कार्यरत हूं। माणस वाघपुरा सलदरी ,माणस, टावर सेंटर पर आरबीएल द्वारा ग्रुप लोन दिया हुआ था। जिसकी वसूली के लिए सवेरे मैं व सचीन दोनों बाइक पर झाड़ोल से रवाना होकर माणस, वाघपुरा, माणस टावर वप सलदरी में पहुंच कर मीटीग कर समूह सेरूपये लेकर लौट रहा था। जहां बीच रास्ते बाइक परआए नकाबपोश लडकों ने हमारी बाइक को रोकने का प्रयास किया तथा तलवार से हमला किया तथा सचिन के साथ मारपीट कर करीब ढाई लाख रूपये नकदी से भरा बैग लूट ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में झाड़ोल थानाधिकारी फैलीराम के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए अविनाश पुत्र लक्ष्मणलाल गमेती निवासी पाल पादर बिच्छीवाड़ा डूंगरपुर को केन्द्रीय कारागृह उदयपुर से जरिये प्रोडेक्शन वारंट गिरफ्तार किया। इस मामलेमें पूर्व में विधी से संघर्षरत तीन बाल अपचारियों को डिटैन किया जा चुका है।

शोभायात्रा निकाली

कपासन, (निसं)। तेजा दशमी पर्व पर धार्मिक उत्साह देखने को मिला। ब्रह्मपुरी स्थित तेजाजी मंदिर में सुबह से यज्ञ-हवन व पूजा-अर्चना का क्रम चला। श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही मंदिर में उमड़ी रही। दोपहर में तेजाजी चौकें से शोभायात्रा का आगाज हुआ।

बालिका के साथ कुकृत्य करने का आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहर के फतहपुरा स्थित आलोक स्कूल की 8वीं की 13 वर्षीय छात्रा के साथ कुकृत्य के आरोपी प्रदीप सिंह झाल को पुलिस ने नौ दिन बाद गिरफ्तार कर लिया। रूपये खत्म होने पर वह उदयपुर आया और यहां परिचित से रूपये लेने का कोर्ट चौराहे पर इंतजार कर रहा था इसी दौरान पुलिस ने उसे धरदबोचा। आरोपी प्रदीप सिंह को पुलिस तस्दीक कराने फतहपुरा आलोक स्कूल ले गई जहां उसने पुलिस को धक्का देकर भागने का प्रयास किया इसी दौरान स्कूल के पीछे झाड़ियों में कूदने से उसका पैर टूट गया।प्रकरण के अनुसार 26 अगस्त 25 को पीडिता के पिता ने अम्बामाता पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि मेरी पुत्री फतहपुरा आलोक स्कूल की 8वीं की छात्रा हैं। उसी स्कूल में वेट लिफ्टिंग सिख रही है। जिसका ट्रेनर प्रदीप सिंह झाला है। 25 अगस्त को सवेरे प्रदीप सिंह झाला ने फोन कर बच्ची को जिम ट्रेनिंग के लिए बुलाया। इस पर दोपहर दो बजे मेरी पुत्री स्कूल गई जो शाम चार बजे वापस लौटी। इस पर उसने रोते हुए बताया कि मैं स्कूल गई जहां प्रदीप झाला ने पापा का उठवाने की धमकी देने एवं नेशनल नहीं खेलने देने की धमकी देते हुए मेरे फोटों खींचे तथा दुष्कर्म करने का प्रयास किया और किसी को नहीं बताने की धमकी दी। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उपाधीक्षक कैलाशचंद्र के सुपरविजन में अम्बामाता थानाधिकारी मुकेश सोनी आदि मौजूद रहे।

छात्रा के साथ कुकृत्य के आरोपी जिम ट्रेनर को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

तेजा दशमी पर निकाली वाहन रैली

राजसमंद, । तेजा दशमी के पावन अवसर पर मंगलवार को जाट समाज की ओर से राजसमंद जिला मुख्यालय पर एक भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली में तेजाजी महाराज की रथ में विराजित छवि का शहरवासियों और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। गौ माता सर्कल से प्रारंभ हुई यह रैली विवेकानंद सर्कल, मुखर्जी चौक, कांकरोली बस स्टैंड, जल चक्की, टीवीएस चौराहा होते हुए धोइंदा स्थित तेजाजी महाराज के मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां पर पूजा अर्चना के उपरांत मौजूद समाजजनों ने समाज विकास सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की। करीब दो किलोमीटर लंबी इस रैली में 1०1 ट्रैक्टर विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। रैली में समाजजन ट्रैक्टर, टू-व्हीलर व फोर-व्हीलर पर सवार होकर तेजाजी महाराज के जयकारों के साथ नाचते-गाते चल रहे थे। जगह-जगह समाज के लोगों ने रैली का जोरदार स्वागत करते हुए जलपान, अल्पाहार, फल वितरण और आतिशबाजी की। वहीं शहर के प्रमुख चौराहे पर बिराजित महापुरूष स्वामी विवेकानंद महाराज, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पन्नाधाय, राजसमंद संस्थापक महाराणा राजसिंह की प्रतिमा पुष्पाजंलि अर्पित की गई। इस भव्य आयोजन में जिला प्रमुख रतनी देवी चौधरी, जाट महासभा के अध्यक्ष माधव चौधरी, मदन चौधरी, कैलाश चौधरी, बोथलाल जाट, माधवलाल चौधरी, जवाहरलाल जाट, रामलाल जाट, तरुण चौधरी,आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

सुंगध दशमी पर हुए धार्मिक अनुष्ठान

डूंगरपुर, (निसं)। पर्युषण पर्व के तहत मंगलवार को सुंगध दशमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शाम को शहर के घुमटा बाजार स्थित कोटडिया मंदिर, माणक चौक स्थित श्री आदिनाथ मंदिर, घाटी स्थित श्री गंभीरा पार्श्वनाथ मंदिर, महावीर स्वामी मंदिर, युगल मंदिर, फौज का बडला स्थित शांतिनाथ मंदिर, ऊंडा मंदिर, न्यू कॉलोनी स्थित महावीर स्वामी जिनालय, पोस्ट ऑफिस के पास स्थित मुनिसुव्रतनाथ मंदिर, सुरपुर,प्रगतिनगर तथा हाउसीग बोर्ड स्थित जिनालयों में शाम ढलने के साथ ही धर्म प्रेमी धूप लेकर पहुंचे। जहां देव दर्शन के बाद धूप अर्पित की। इस दौरान मंदिरों में विशेष झांकिया व रंगोलियां बनाई गई थी। जिसमे भगवान की धार्मिक क्रियाओं को उकेरा गया था। इस अवसर पर ओटा स्थित नेमिनाथ मंदिर में वीशा पोरवाड संघ द्वारा प्रभु स्तुति में डांडिया रास का भी आयोजन किया गया जिसमे बडी संख्या में महिला व पुरूषों ने शिरकत की। इस दौरान कानून व्यवस्था के लिए कोतवाली पुलिस द्वारा विशेष व्यवस्था भी की गई थी।

सब इंस्पेक्टर्स ने किया प्रदर्शन

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर में मंगलवार को एसआई भर्ती रद्द करने को लेकर पीडित सब इंस्पेक्टर्स ने कलेक्ट्री पर प्रदर्शन किया। वे अपने परिजनों के साथ यहां पहुंचे और भर्ती बहाली की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कलेक्ट्री के अंदर कलेक्टर को ज्ञापन देने की बात पर भूपालपुरा सीआई आदर्श कुमार और एक महिला एसआई (अभ्यर्थी)के बीच जमकर बहस हुई। महिला अभ्यार्थी एसआई ने कहा कि सभी एसआई अंदर जाकर कलेक्टर को ज्ञापन देंगे। सीआई ने सिर्फ पांच जनों को भेजने की बात कही।इधर प्रदर्शनकारी नहीं माने और अपनी बात पर अड़े रहे। इस पर सीआई बोले अगर सभी अंदर गए तो मुकदमे दर्ज हो जाएंगे। इससे पीडित सब इंस्पेक्टर्स और आक्रोशित हो गए। वे न्याय के लिए आवाज को दबाने का पुलिस पर आरोप लगाने लगे। प्रदर्शनकारी कलेक्ट्री के बाहर सड़क पर बैठ गए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

अमृत कथा महोत्सव कल से

उदयपुर, (कासं)। श्री खाटू श्याम मित्र मण्डल ट्रस्ट की ओर से उदयपुर में पहली बार रुणीचे रा राजा बाबा श्री रामदेव की तीन दिवसीय अमृत कथा महोत्सव का आयोजन 4 सितंबर से साईफन चौराहा पर होगा। श्री खाटू श्याम मित्र मण्डल ट्रस्ट के संरक्षक गौरी शंकर अग्रवाल ने बताया कि कलियुग के अवतारी बाबा रामदेवजी का भादवा महोत्सव के तहत 4 से 6 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों के साथ शुभ सुन्दर टॉवर, साईफन चौराहा, उदयपुर में अमृत कथा महोत्सव आयोजित होगा।

फिर शुरू हुई ओवरलोड ट्रकों की दौड़

बयाना/भरतपुर, (निसं)। बयाना क्षेत्र एक बार फिर ओवरलोड पत्थर भरे ट्रकों की दौड़ का गवाह बन रहा है। रुदावल के बंशी पहाड़पुर क्षेत्र से पत्थरों की भारी-भरकम ठेवी भरकर दिनदहाड़े ट्रकों को रवाना किया जा रहा है। यह ट्रक न सिर्फ ओवरलोड हैं, बल्कि इनकी वजह से सड़क हादसों का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। इसके बावजूद खनिज विभाग की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में वैध व अवैध खनन दोनों ही चल रहे हैं।

विद्यार्थी डिप्लोमा इन एक्यूप्रेशर से स्वरोजगार की ओर हो रहे प्रेरित

उदयपुर, (कासं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ द्वारा नई शिक्षा नीति के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा के तहत कुलपति प्रो कर्नल एसएस सारंगदेवोत के निर्देशन में कौशल विकास से संबंधित कई पाठ्यक्रम विगत वर्षो में आरंभ किए गए। इन पाठ्यक्रमों से विद्यार्थी लाभान्वित होने लगे हैं।

यह संस्कृत विभाग के सहयोग से संचालित एक्यूप्रेशर रिफ्लेक्सोलॉजी डिप्लोमा कोर्स के विद्यार्थी एक्यूप्रेशर उपचार का प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार की ओर प्रेरित हो रहे हैं लगभग 3 वर्ष पूर्व नई शिक्षा नीति के अंतर्गत कौशल विकास की स्वस्थ परंपरा के अंतर्गत यह पाठ्यक्रम श्रमजीव महाविद्यालय में आरंभ किया गया था इस पाठ्यक्रम का तीसरा बेच इस वर्ष प्रशिक्षित हो चुका है। विद्यार्थी एक्यूप्रेशर उपचार की तकनीक सीख कर अपना रोजगार कमाने लगे हैं कोई भी 12वीं पास विद्यार्थी एक वर्ष के एक्यूप्रेशर डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर उपचार तकनीक सीख कर अपनी आमदनी का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। कोई भी व्यक्ति एक्यूप्रेशर रिफ्लेक्सोलॉजी आसानी से सीख सकता है। पाठ्यक्रम समन्वयक नारायण सिंह राव ने बताया कि एक्यूप्रेशर कोर्स के अतिरिक्त महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित हार्टफूलनेस मेडिटेशन और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर नया पाठ्यक्रम भी राजस्थान विद्यापीठ के साथ एमओयू कर विद्यार्थियों के लिए आरंभ किया जा रहा है, इसमें विद्यार्थी अपना संतुलित जीवन जीने की कला सीखते है। हार्टफुलनेस संस्थान के केंद्र समन्वयक और पाठ्यक्रम सलाहकार डॉ राकेश दशोरा ने बताया कि हृदय आधारित ज्ञान के माध्यम से इसके विभिन्न मॉडल्स पेशावर के द्वारा तैयार किए गए हैं।

एक्यूप्रेशर उपचार का प्रशिक्षण लेते विद्यार्थी।

8.25 क्विंटल प्रतिबंधित प्लास्टिक थैलियां जब्त

उदयपुर, (कासं)। नगर निगम द्वारा प्रतिबंध प्लास्टिक के खिलाफ सघन अभियान शुरू किया है। अभियान के पहले ही दिन निगम द्वारा गठित टीम ने मंगलवार को अल सवेरे कार्रवाई करते हुए 8.25 क्विंटल प्रतिबंधित प्लास्टिक की थैलियां को जब्त किया।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि पिछले कई समय से निगम द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने हेतु विभिन्न व्यापारी संगठनों, शहर वासियों से अपील की जा रही थी, साथ ही निगम द्वारा चेतावनी भी जारी की गई थी कोई भी व्यक्ति प्रतिबंधित प्लास्टिक थैलियां का उपयोग या व्यवसाय करता हुआ पाया जाएगा तो निगम द्वारा उक्त फर्म या व्यक्ति के खिलाफ नियम अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।अभियान के पहले ही दिन निगम पुलिस निरीक्षक मांगीलाल डांगी द्वारा अल सवेरे सेक्टर 8 सहकारी उपभोक्ता भण्डार के पीछे संजय नगर मे बने मकान पर दबिश दी। मकान मालिक अनिल मलकानी की उपस्थिति मे मकान की तलाशी लेने पर पोर्च के पास बने कमरे मे प्लास्टिक के कट्टे मिले। जिनकी जांच करने पर सभी मे प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक केरिबेग भरे हुए मिले। कमरे मे कुल 31 प्लास्टिक कट्टो में प्रतिबंधित प्लास्टिक केरिबेग भरे हुए थे, कट्टो का वजन करने पर 803 किलो 100 ग्राम हुआ। अनिल मलकानी से पूछताछ में पता लगा कि यह प्लास्टिक थैली अहमदाबाद कालपुर मे रानी प्लास्टिक के मालिक भावेश भाई से खरीदना व बलीचा मे स्थित ट्रांसपोर्ट के मार्फत कालुपुर अहमदाबाद से मंगवाना बताया। यह थैलियां उदयपुर में बेचने के लिए भंडारण की गई थी।

बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा कार्यालय: गोवर्धन विलास, सेक्टर-14 उदयपुर, राजस्थान, फोन नं.: 0294-2640277 ई-मेल: goverd@bankofbaroda.com

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV (नियम 8(1) देखे)

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि

निम्नहस्ताक्षरकर्ता **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **श्री विशाल श्रीवास्तव पुत्र श्री रमेश बाबू श्रीवास्तव** एवं सह-ऋणी **श्रीमती सुकान्ता श्रीवास्तव पत्नी श्री विशाल श्रीवास्तव पर मांग सूचना दिनांक 14.05.2025** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 10.05.2025 को बकाया राशि रू. 35,93,840.86 (रूपये पैंतीस लाख तिरानवे हजार आठ सौ चालीस एवं पैसे छियासी मात्र) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 29, माह अगस्त, वर्ष 2025** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 10.05.2025 को बकाया राशि रू. 35,93,840.86 (रूपये पैंतीस लाख तिरानवे हजार आठ सौ चालीस एवं पैसे छियासी मात्र) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, गोवर्धन विलास शाखा, सेक्टर-14, उदयपुर, राजस्थान** के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का वर्णन

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री विशाल श्रीवास्तव पुत्र श्री रमेश बाबू श्रीवास्तव के नाम साम्यिक बंधक दिनांक 01.12.2017 आवासीय सम्पत्ति जो प्लॉट नं. 59, ब्लॉक-बी, मीरा नगर, भुवाणा एक्सटेन्शन स्कीम, उदयपुर, राजस्थान 313001 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1144.43 वर्ग फीट है।

सीमाएं- उत्तर: प्लॉट नं. 33 बी ब्लॉक, दक्षिण: रोड़, पूर्व: प्लॉट नं. 58 बी ब्लॉक, पश्चिम: रोड़

स्थान : उदयपुर हस्ता.

दिनांक: 29.08.2025 प्राधिकृत अधिकारी

शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु

मंडफिया, (निसं)। मेवाड अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलियाजी सेठ मंडफिया के दरबार में जलझूलनी एकादशी का तीन दिवसीय मेला मंगलवार को शोभायात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। मेले के प्रथम दिन तेजा दशमी पर्व पर भगवान श्री सांवलियाजी सेठ की शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से दोपहर 2 बजे प्रारंभ हुई। शोभा यात्रा का मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन एवं मंदिर के मुख्य निष्पादन अधिकारी प्रभा गौतम एवं बोर्ड सदस्यों द्वारा भगवान सांवलिया सेठ की अगवानी कर मेले का श्री गणेश किया। शोभायात्रा में सजे धजे घोडे, ऊंट व हाथी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। इन पर केसरिया पोशाकों में बैठे पुजारी द्वारा चारों ओर गुलाल उडाते हुए चल रहे थे।

शोभायात्रा में विभिन्न बैंड बाजे, ढोल, मांडल एवं हारमोनियम की मधुर धुनों में भक्त नाचते गाते भगवान सांवलिया सेठ के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इस मौके पर सर्वत्र वातावरण कृष्ण भक्ति में ओत-प्रोत हो गया। शोभायात्रा में कस्बे के विभिन्न विद्यालयों की देव रूपी झांकियां शोभायात्रा की अलग ही शोभा बढा रही थी। शोभायात्रा मंदिर परिसर से धीमी गति से बढते हुए शिव मंदिर चौक पहुंची जहां बडी संख्या में महिला पुरुष भक्तजन भगवान की प्रतिमा के दर्शन के लिए आतुर दिखाई दिए। इसके बाद शोभायात्रा गढी के देवर के सामने से गुजरते हुए कबूतर खाना, ब्रह्मपुरी मोहल्ला एवं सदर बाजार होती हुई रात्रि 8 बजे पुन: मंदिर परिसर में पहुंची। शोभा यात्रा के मंदिर परिसर में पहुंचने के पश्चात मंदिर के मुख्य सिंहद्वार के सामने रंग बिरंगी भव्य आतिशबाजी हुई। भव्य आतिशबाजी को देखकर भक्त भाव विभोर हो रहे थे।

श्रद्धालुओं की रही भारी रेलम पेल मंडफिया (सांवलिया जी) में चारों तरफ से आने वाली सडकों पर मेले में पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं के रेले दिखाई पड रहे थे।

कार्यालय ग्राम पंचायत कटेव, पंचायत समिति ऋषभदेव जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-41 दिनांक-29/8/2025

-:ई निविदा सूचना -01/2025-26:-

ग्राम पंचायत कटेव में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 09.09.2025 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/ जानकारी **sppp.rajasthan.gov.in** व **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

NIB N0 . ZUD2526A1589
UBN N0 . ZUD2526GLOB01852
Tender ID-2025_PRD_468196_57

प्रशासक ग्राम पंचायत कटेव,पं.स. ऋषभदेव, जिला-उदयपुर

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत कटेव,पं.स. ऋषभदेव, जिला-उदयपुर

बप्पा रावल पैनोरमा तक जाने वाला क्षतिग्रस्त रास्ता ठीक कराने की मांग

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर के एकलिंगजी से बप्पारावल पैनोरमा तक जाने वाला रास्ता पूरा ही खराब हो गया है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मिलकर सुधरवाने की मांग की है।

उदयपुर के एकलिंगनाथ मंदिर (कैलाशपुरी) से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर मटाटा गांव में बप्पा रावल पैनोरमा तक जाने वाला रास्ता पूरी तरह टूट गया। रास्ते से निकलना दूभर हो गया है लेकिन अफसरों का ध्यान इस ओर नहीं गया। विभाग की ओर से इसे ठीक नहीं कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मिलकर सुधरवाने की मांग की है।ग्रामीणों कलेक्टर से मिलकर पूरी स्थिति से अवगत कराया है। उन्होंने मांग की है कि इस ऐतिहासिक स्थल तक जाने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सड़क को ठीक कराने की मांग की है।

ग्राम पंचायत कैलाशपुरी एकलिंग जी के पास राज्य सरकार की ओर से बनाए पैनोरमा तम शरणार्थिन्यों और पर्यटकों को जाने में काफी कठिनाइयां हो रही है। यहां तक की रास्ते की खस्ताहाल स्थिति को देखकर पर्यटक पुन: लौट जाते है।ग्रामीणों ने बताया कि आगे यही मार्ग आदिवासी क्षेत्र करावाडीए मटाटा गांव में भी जाता है और आगे अन्य गांवों को भी जोड़ता है ऐसे में वहां जाने के लिए मार्ग पूर्णतया क्षतिग्रस्त हो चुका है। बताया कि इस ऐतिहासिक स्थल तक जाने वाले रास्ते में बड़े गहरे गड्ढे मुख्य मार्ग में हो गए हैं जिससे आए दिन दुपहिया वाहनधारी गिर रहे है। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में बताया कि इस मार्ग का पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होने के लिए इसी क्षेत्र में हो रही माइनिंग को लेकर बड़े पत्थरों को ले जाने वाले डंपर व ट्रॉले गुजरते हैं जिससे गहरे गड्ढे हो गए हैं जबकि यह रोड इतना भारी वजन झेलने में सक्षम नहीं है। प्रतिनिधिमंडल में कैलाशपुरी पंचायत के प्रशासक नारायणलाल गमेती, अशोक मोड, राजू गमेती, वरदा, पप्पूलाल आदि शामिल थे।

कार्यालय ग्राम पंचायत तिरोल पं. स. सायरा जिला उदयपुर

क्रमांक:-2025-26/112 दिनांक-1.09.2025

निविदा सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक 110 दिनांक 1/09/2025 द्वारा निम्नलिखित निविदा सूचना द्वारा अनुबन्ध पर कार्य करवाने हेतु निविदा सूचना जारी की गई। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

क्र.स.	निविदा का विवरण	अनुमानित राशि	UBN No
1	25.26/09 दिनांक 1.09.25	7.40 लाख	ZUD2526WSOB01891

निविदा का विस्तृत विवरण **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर एवं ग्राम पंचायत कडेच/तिरोल पं.स.सायरा मे कार्यालय समय में देखी/प्राप्त की जा सकती है।

प्रशासक ग्राम पंचायत तिरोल

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत तिरोल